राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

संख्या–49/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 29 अप्रैल, 2025 :–माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पुनाईचक पार्क, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....